हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

11 कलाकारों के सशक्त व भावपूर्ण अभिनय...



12 मॉडल ऑनलाइन तबादला नीति के खिलाफ...



खबर संक्षेप

विवादित भूमि पर फसल कटाई को लेकर केस दर्ज

महेंद्रगढ़। उपमंडल के गांव माजरा खुर्द स्थित विवादित भूमि पर बाजरा और ग्वार की फसल कटाई के मामले में थाना शहर पुलिस ने तहसीलदार कम रिसीवर की शिकायत पर वीरवार देर शाम चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तहसीलदार–कम–रिसीवर की नियुक्ति उपमंडल अधिकारी (ना.) महेंद्रगढ़ के आदेश पर की गई थी। तहसीलदार कम रिसीवर महेंद्रगढ़ की शिकायत पर पुलिस ने संदीप निवासी माजरा खुर्द, धोलिया निवासी माजरा कलां, संजीव निवासी माजरा खुर्द तथा दयानंद निवासी माजरा खुर्द के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इस संबंध में एफआईआर संख्या 192 दर्ज की है।

कर्मियों ने अकाउंटेंट के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

नारनौल। श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी से जुड़ी ग्रामीण सफ़ाई कर्मचारी यूनियन एवं ग्राम पंचायत ट्यूबवेल ऑपरेटर यूनियन के सदस्यों ने वेतन भुगतान हर माह की सात तारीख से पहले सुनिश्चित करने व अटेली बीडीपीओ कार्यालय के अकाउंटेंट की कार्यशैली से परेशान होकर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। वहां उपायुक्त के नाम तहसीलदार को मांग पत्र सौंपा गया। इस मांग पत्र में कहा गया है कि बीडीपीओ कार्यालय अटेली मण्डी के अकाउंटेंट का व्यवहार कर्मचारियों के साथ शालीनता भरा नहीं होता और बेहद मामूली मानदेय पर काम करने वाले कर्मचारी अकाउंटेंट की कार्यशैली, अमर्यादित व्यवहार से बेहद परेशान हैं। वेतन का बजट आने के बाद भी कर्मचारियों के खाते में मानदेय भुगतान में जानबूझकर देरी की जाती है। इस प्रकार अकाउंटेंट की कार्यशैली कर्मचारियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। जिसके लिए अकाउंटेंट पर विभागीय कार्रवाई एवं कर्मचारियों के वेतन संबंधी सीट से अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए और नवनियुक्त ग्रामीण चौकीदारों सहित कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान करने, वेतन भुगतान पर सरपंचों की तस्दीक हटाने व मांग पत्र पर ठोस कार्रवाई की मांग है।

बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों व दिव्यांगों की शिकायत घर जाकर लेगी पुलिस

महेंद्रगढ़ पुलिस की जनसुविधा एवं जवाबदेही की दिशा में नई पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आमजन की शिकायतों की सुनवाई को सरल, सुलभ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने जनसुविधा व जवाबदेही की दिशा में नई पहल शुरू की है। इसके तहत बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों एवं दिव्यांगजनों की शिकायत पुलिस उनके घर पहुंचकर प्राप्त करेगी। अन्य नागरिक भी ईमेल, व्हाट्सएप और फोन के माध्यम से अपनी बात पुलिस तक पहुंचा सकेंगे। साथ ही शिकायत पर सुनवाई नहीं होने अथवा कार्रवाई में अनावश्यक देरी की जानकारी एसपी कार्यालय को व्हाट्सएप नंबर 7027792100 पर दी जा सकेगी, ताकि संबंधित शिकायत का फॉलोअप किया जा सके।

प्रगति जानने के लिए जांच अधिकारी से करें संपर्कः जिन शिकायतों अथवा मामलों की जांच पहले से चल रही है, उनमें शिकायतकर्ता प्रगति की जानकारी के लिए संबंधित जांच अधिकारी से फोन पर संपर्क कर सकते हैं। अतिरिक्त जानकारी अथवा दस्तावेज उपलब्ध कराने के संबंध में भी अधिकारी से मार्गदर्शन लिया जा सकता है। इससे केवल प्रगति जानने के लिए बार-बार थाने अथवा पुलिस कार्यालय आने में लगने वाले समय और आवागमन की परेशानी को कम किया जा सकेगा। जहां जांच के दौरान शिकायतकर्ता की व्यक्तिगत उपस्थिति, बयान दर्ज करने अथवा दस्तावेज के सत्यापन की आवश्यकता होगी, वहां संबंधित पुलिस अधिकारी द्वारा सूचित किया जाएगा। ऐसी स्थिति में नागरिक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जांच में सहयोग करें।

क्या कहते है एसपी



पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने कहा कि प्रत्येक जरूरतमंद की बात पुलिस तक आसानी से पहुंचे और उसे शिकायत देने अथवा उसकी प्रगति जानने के लिए अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े, यही इस पहल का उद्देश्य है। उम्र, शारीरिक असमर्थता अथवा आवागमन की कठिनाई पुलिस सहायता प्राप्त करने में बाधा नहीं बननी चाहिए। शिकायत प्राप्त करने के साथ उस पर नियमानुसार कार्रवाई और संबंधित स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करना भी आवश्यक है।

डायल 112 पर पुलिस को दें सूचना

वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं, बच्चे एवं दिव्यांगजन अपनी शिकायत देने के लिए घर पर पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए डायल 112 पर सूचना दे सकते हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम उनके घर पहुंचकर समस्या सुनेगी और शिकायत प्राप्त करेगी। शिकायत पर संबंधित थाना अथवा शाखा द्वारा मामले की प्रकृति एवं तथ्यों के अनुसार नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सूचना देते समय अपना नाम, पूरा पता, संपर्क नंबर और समस्या का संक्षिप्त विवरण बताएं, ताकि पुलिस टीम को संबंधित स्थान तक पहुंचने और सहायता उपलब्ध कराने में सुविधा हो। किसी आपातकालीन स्थिति अथवा तत्काल पुलिस सहायता की आवश्यकता होने पर भी नागरिक डायल 112 पर संपर्क करें। सूचना मिलने के बाद आपको पुलिस की सहायता उपलब्ध होगी। पुलिस की इस पहल से लोगों को काफी सुविधा होगी।

ईमेल, व्हाट्सएप व फोन से करें शिकायत

- **ईमेल** : अपनी शिकायत **spnrl@hry.nic.in** पर भेजें।
- **व्हाट्सएप** : मोबाइल नंबर 7027792100 (पुलिस अधीक्षक नारनौल) पर अपनी शिकायत भेज सकते हैं।
- शिकायत शाखा का दूरभाष नंबरः 01282-251022 पर फोन करके अपनी शिकायत अथवा समस्या बता सकते हैं।
- शिकायत शाखा का व्हाट्सएप नंबरः 9466020564 पर अपनी शिकायत तथा संबंधित दस्तावेज भेज सकते हैं।

ईमेल अथवा व्हाट्सएप से शिकायत भेजते समय अपना नाम, पूरा पता, संपर्क नंबर और घटना या समस्या का स्पष्ट विवरण अवश्य लिखें। संबंधित आवश्यक दस्तावेज तथा उपलब्ध साक्ष्य भी संलग्न करें। यदि उसी मामले में पहले शिकायत दी गई है, तो उसका संदर्भ अथवा शिकायत संख्या उपलब्ध होने पर उल्लेख करें। इन माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर भी व्यक्तिगत रूप से दी गई शिकायतों की तरह नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

जांच में लापरवाही प्रमाणित होने पर संबंधित पुलिस कर्मी पर होगी सख्त कार्रवाई

किसी पुलिस कर्मचारी द्वारा शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई न करने अथवा कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही बरतने की बात जांच में प्रमाणित होने पर संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य शिकायतों पर प्रभावी सुनवाई के साथ पुलिस कार्यप्रणाली में जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

पांच रुपये की पर्ची से टेस्ट व अन्य शुल्क तक डिजिटल भुगतान की तैयारी

1021 ओपीडी में मात्र 80 ने किया डिजिटल भुगतान, पहले दिन नकद से ही चली व्यवस्था

राजकुमार ▶▶| नारनौल

जिला नागरिक अस्पताल में कैशलेस डिजिटल भुगतान और डॉक्टरों से प्री-अपॉइंटमेंट की व्यवस्था शुक्रवार से लागू कर दी गई, लेकिन पहले ही दिन दोनों व्यवस्थाएं पूरी तरह जमीन पर नहीं उतर पाईं। डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद मरीजों और तिमारदारों में जानकारी के अभाव के चलते अधिकांश लोगों ने पांच रुपये की पंजीकरण पर्ची से लेकर टेस्ट व अन्य शुल्क तक नकद में ही चुकाए। पहले दिन अस्पताल में कुल 1021 ओपीडी हुई, जिनमें केवल 80 मरीजों ने ऑनलाइन यानी कैशलेस भुगतान किया।

प्रदेश सरकार के डिजिटल भुगतान संबंधी निर्देशों के तहत अस्पताल में पंजीकरण, विभिन्न टेस्ट, बेड चार्ज, मेडिकल प्रमाण पत्र तथा अन्य सरकारी शुल्क डिजिटल माध्यम से लेने की तैयारी की गई है। क्यूआर कोड भी लगाए गए हैं। हालांकि पहले दिन बड़ी संख्या में मरीजों को इस व्यवस्था की जानकारी नहीं थी। ऐसे में अस्पताल प्रशासन ने नकद भुगतान की सुविधा भी जारी रखी। पंजीकरण के लिए बनाई गई तीन खिड़कियों में फिलहाल एक खिड़की पर नकद भुगतान की सुविधा जारी रखने की योजना है, जबकि शेष दो खिड़कियों को डिजिटल भुगतान के लिए तैयार किया जा रहा है।



नारनौल। नागरिक अस्पताल में रजिस्ट्रेशन के लिए लाइन में लगे लोग।

डॉक्टर से प्री अपॉइंटमेंट की सुविधा शुरू

ई–उपचार हरियाणा पोर्टल पर अस्पताल में प्री अपाइंटमेंट सुविधा शुरू कर दी है। अब मरीज डॉक्टर से मिलने के लिए एक दिन पहले प्री-अपॉइंटमेंट ले सकेंगे। क्यूआर कोड स्कैन करने के बाद मोबाइल पर अस्पताल और डॉक्टर की जानकारी उपलब्ध होगी। संबंधित डॉक्टर का चयन कर मरीज अपनी ओपीडी अपॉइंटमेंट बुक कर सकेंगे।

वरिष्ठ नागरिकों को फिलहाल नकद भुगतान की छूट

डिजिटल भुगतान की व्यवस्था का सबसे अधिक असर वरिष्ठ नागरिक काउंटर पर दिखाई दिया। कई बुजुर्गों के पास एंड्रॉयड मोबाइल फोन या डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। ऐसे मरीजों की परेशानी को देखते हुए फिलहाल वरिष्ठ नागरिकों के लिए नकद भुगतान की सुविधा जारी रखी गई है। वरिष्ठ नागरिक काउंटर पर आने वाले बुजुर्गों को डिजिटल भुगतान में होने वाली परेशानी को देखते हुए फिलहाल नकद भुगतान की सुविधा दी गई है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार जिन बुजुर्गों के पास डिजिटल भुगतान का विकल्प नहीं है, उनकी पर्ची नकद लेकर ही काटी जा रही है।

यह बोले डिप्टी एमएस

उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विजय सिंह डबास ने बताया कि सरकार के निर्देशों के अनुसार अस्पताल की सभी भुगतान व्यवस्थाओं को कैशलेस करने की दिशा में काम किया जा रहा है। जिला पानीपत में इसका पायलट प्रोजेक्ट सफल रहने के बाद प्रदेश के अन्य जिलों में भी व्यवस्था लागू की जा रही है। उन्होंने कहा कि नारनौल में भी शुरुआत हो चुकी है और लोगों को धीरे-धीरे डिजिटल भुगतान की आदत पड़ेगी। प्री-अपॉइंटमेंट की सुविधा भी शुरू कर दी गई है।

चिकित्सा अधीक्षक बोलीं

नागरिक अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आशा शर्मा ने बताया कि अस्पताल की सभी शाखाओं में कैशलेस भुगतान लागू करने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस दिशा में काम शुरू कर दिया गया है, लेकिन नई व्यवस्था को पूरी तरह अपनाने में कुछ समय लगेगा। मरीजों को परेशानी न हो, इसलिए फिलहाल आवश्यकता के अनुसार नकद भुगतान की सुविधा भी जारी रखी गई है।

सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक ओपीडी शुरू

सर्दी के मौसम को देखते हुए 16 अक्टूबर से नागरिक अस्पताल का समय भी बदल दिया गया है। अब सामान्य ओपीडी सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगी और इसे शुक्रवार से ही लागू कर दिया गया है। इसी अवधि में डॉक्टर मरीजों को देखेंगे। हालांकि आपातकालीन सेवाएं पहले की तरह जारी रहेंगी।

राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार : 5 तक करें ऑनलाइन आवेदन

नारनौल। हरियाणा सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के लिए राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार-2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। 5 नवंबर तक mis.wcdhry.gov.in/gaurav पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। उपायुक्त अनुपमा अंजली ने कहा कि आवेदन करने के लिए योग्यता विभाग की वेबसाइट mis.wcdhry.gov.in/gaurav पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए पांच लाख रुपये व प्रशस्ति पत्र, इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के लिए एक लाख 50 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के लिए एक लाख रुपये व प्रशस्ति पत्र, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के लिए एक लाख रुपये प्रशस्ति पत्र, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड के लिए 51 हजार व प्रशस्ति पत्र, सरकारी कर्मचारी पुरस्कार के लिए 21 हजार व प्रशस्ति पत्र, सामाजिक कार्यकर्ता के लिए 21 हजार व प्रशस्ति पत्र तथा महिला उद्यमी के लिए 21 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही किए जाएंगे।

कनीना चौकः अतिक्रमण पर चली जेसीबी

- अवैध दुकानें व रेहड़ियां हटाई गईं, दोबारा कब्जा मिला तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

शहर के कनीना चौक को वर्षों पुराने अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने कार्रवाई की। नपा सचिव प्रशांत पाराशर की देखरेख में पहुंची टीम ने जेसीबी की मदद से अवैध दुकानों और रेहड़ियों को हटाकर चौक को समतल कराया। प्रशासन की इस कार्रवाई से चौक पर यातायात व्यवस्था सुचारू होने की उम्मीद जगी है।

कनीना चौक और मुख्य मार्ग के किनारों पर फल-सब्जियों की रेहड़ियां तथा अस्थायी दुकानें लगने से सड़क काफी संकरी हो गई थी। इसके अलावा वाहन चालकों द्वारा सड़क के बीचोंबीच गाड़ियां खड़ी करने से दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती थी। इससे आम राहगीरों के साथ-साथ स्कूली बसों और एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई बार लोगों को जाम में काफी देर तक फंसे रहना पड़ता था। लगातार बढ़ रही इस समस्या को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटवाया। टीम ने चौक और सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाकर रास्ते को खुला करवाया। कार्रवाई के बाद स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने राहत की उम्मीद जताई। नपा सचिव प्रशांत पाराशर ने स्पष्ट किया कि सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने व्यापारियों और रेहड़ी संचालकों से अपील की कि वे सड़क व फुटपाथ पर कब्जा नहीं करें।



आंधी से कहीं पेड़ गिरे तो कहीं बिजली के पोल, लगते रहे कट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र में वीरवार देर रात्रि करीब दो बजे आई तेज आंधी और जोरदार बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर बिजली के पोल टूटकर गिर गए। जबकि बिजली के तार भी नीचे आ गए। इसके अलावा कई जगह पेड़ भी गिर गए जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। तिगरा एवं खोड़ तक अनेक पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गए जबकि खोड़ मोड़ पर बिजली के पोल गिरने से सुबह के समय आवागमन बाधित रहा। आंधी के कारण बिजली व्यवस्था को भी काफी नुकसान पहुंचा और क्षेत्र के कई गांवों में आपूर्ति प्रभावित हो गई। आंधी-बारिश के बाद अटेली कस्बे सहित आसपास के गांवों में दिनभर बिजली के कई कट लगते रहे। बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित होने से दुकानदारों और घरेलू उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं बिजली के तार टूटने और पोल गिरने से विभाग को मरम्मत कार्य में जुटना पड़ा। अटेली बिजली निगम के एसडीओ दीपक यादव ने बताया कि आंधी के कारण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को नुकसान पहुंचा है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार बिजली के करीब 50 पोल टूटकर गिर गए हैं। कई स्थानों पर बिजली के तार भी टूट गए हैं। विभाग की और से नुकसान का आकलन करने के साथ क्षतिग्रस्त बिजली लाइनों की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है।





नारनौल। रोजगार मेले के दौरान मौजूद प्रार्थी के साथ जिला रोजगार अधिकारी रणजीत सिंह। फोटो : हरिभूमि

रोजगार मेला : 21 युवाओं को मिली नौकरी की सौगात

104 युवाओं ने करवाया था पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा रोजगार विभाग के तत्वावधान में जिला रोजगार कार्यालय में आज एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया। इस मौके पर जिला रोजगार अधिकारी रणजीत सिंह ने मेले में पहुंचे सभी नियोजकों तथा युवाओं का स्वागत किया।

उन्होंने उपस्थित युवाओं को स्वरोजगार अपनाने, प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, कौशल विकास तथा वर्तमान दौर में उपलब्ध विभिन्न व्यवसायिक अवसरों एवं तकनीकी क्षेत्रों के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। इस मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों और कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक गुरुग्राम, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड नारनौल, दीवान फोर व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड नारनौल, एसबीआई बैंक महेंद्रगढ़ तथा फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी महेंद्रगढ़ शामिल रहे। इसके अलावा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) नारनौल से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस रोजगार मेले में कुल 104 युवाओं ने अपना पंजीकरण कराया, जिनमें से विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के उपरांत 21 योग्य प्रार्थियों को मौके पर ही रोजगार के लिए चयनित किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि कुलदीप सहित मेले को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी नियोजकों, अधिकारियों एवं अभ्यर्थियों का धन्यवाद किया।

19,700 क्विंटल की आवक, 2300 से 2375 रुपये प्रति क्विंटल तक लगे भाव

बूंदाबांदी से बढ़ी बाजरा व्यापारियों की धड़कनें, तिरपाल से बचाव

नारनौल अनाज मंडी में कटे 730 गेट पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मंडी में बंपर आवक के बीच शुक्रवार सुबह हुई हल्की बूंदाबांदी ने बाजरा व्यापारियों और किसानों की चिंता बढ़ा दी। मंडी में चारों तरफ बाजरे की ढेरियां लगी हैं। ऐसे में बारिश तेज होने पर खुले में पड़ा बाजरा भीगने और खराब होने का खतरा था। व्यापारियों की चिंता इसलिए भी बढ़ी क्योंकि खरीदे जा चुके बाजरे के खराब होने की जिम्मेदारी उन्हीं की होती है। हालांकि सुबह करीब सात बजे तक बूंदाबांदी थम गई और मौसम साफ होने पर मंडी में बाजरे की बोली और खरीद-बिक्री ने फिर रफ्तार पकड़ ली। नांगल चौधरी रोड पर जल महल के समीप स्थित अनाज मंडी में शुक्रवार को 730 गेट पास कटे और करीब 19,700 क्विंटल बाजरे की आवक दर्ज की गई। बाजरे के भाव 2300 से 2375 रुपये प्रति क्विंटल तक रहे। सुबह बूंदाबांदी शुरू होते ही मंडी में मौजूद व्यापारियों के हाथ-पांव फूलने लगे। वहीं, मंडी में बाजरा लेकर आने की तैयारी कर रहे किसानों को भी चिंता सताने लगी कि कहीं बारिश के कारण उनकी फसल की बिक्री प्रभावित न हो जाए। गनीमत रही कि बूंदाबांदी ज्यादा देर तक नहीं चली और सुबह सात बजे तक रुक गई। इससे मंडी में बाजरे की खरीद प्रभावित नहीं हुई।



नारनौल। अनाज मंडी में बाजरे की बोली लगवाती कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव नुकुल यादव। फोटो : हरिभूमि

ईमेल, व्हाट्सएप व फोन से करें शिकायत

मंडी में बाजरे की बंपर आवक के चलते खुले स्थानों पर भी बाजरे की ढेरियां लगी हुई हैं। बारिश की आशंका को देखते हुए तिरपाल की व्यवस्था ने भी व्यापारियों को राहत दी। इसके बाद मार्केट कमेटी के कर्मचारियों ने सामान्य दिनों की तरह गेट पास काटे। मार्केट कमेटी की कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव नुकुल यादव ने बताया कि सुबह बारिश शुरू होने पर चिंता जरूर हुई थी, लेकिन व्यापारियों के लिए तिरपाल की व्यवस्था करवाई गई थी। कई व्यापारियों के पास अपने तिरपाल भी थे। बारिश मामूली रहने और जल्द रुक जाने से ज्यादा परेशानी नहीं हुई। उन्होंने बताया कि मंडी में बाजरे की खरीद सुचारू रूप से चल रही है और कर्मचारियों की ड्यूटी इस कार्य में लगाई गई है।

वाहन पर नंबर लिखवाए बिना पहुंचा किसान, नहीं कटा गेट पास

सरकार की ई-खरीद व्यवस्था के तहत बाजरा लेकर मंडी आने वाले वाहन का पंजीकरण नंबर आगे स्पष्ट रूप से लिखा होना अनिवार्य है। गेट पास बनाते समय वाहन नंबर के साथ किसान की फोटो खींचकर पोर्टल पर अपलोड की जाती है। ऐसे में वाहन पर नंबर नहीं लिखा होने से निर्धारित प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती। शुक्रवार को एक किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली में बाजरा भरकर मंडी पहुंच गया, लेकिन वाहन पर पंजीकरण नंबर नहीं लिखा होने के कारण कर्मचारियों ने उसे अलग खड़ा करवा दिया। नियमों के अनुसार उसका गेट पास जनरेट नहीं हो सका। किसान ने कर्मचारियों के सामने अपनी बात रखी, लेकिन अनिवार्य प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण उसे गेट पास नहीं मिल पाया। ऐसे में किसानों को मंडी आने से पहले अपने वाहन पर पंजीकरण नंबर स्पष्ट रूप से लिखवाना जरूरी है, ताकि गेट पास बनवाने में परेशानी न हो।



रामायणम का दूसरा ट्रेलर रिलीज, राम अवतार में रणबीर छाए, रावण भी भारी

नई दिल्ली। बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड और अब तक की सबसे अधिक महंगी फिल्म 'रामायणम' का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में काफी इम्प्रेसिव नजर आ रहे हैं। वहीं, एक बार फिर यश रावण के रूप में दमदार दिखे हैं। फिल्म को वीएफएक्स की बदौलत मार्वल फिल्मों को जबरदस्त टक्कर दी गई है। फिल्म में साई पल्लवी माता सीता के किरदार में हैं और सनी देओल भगवान हनुमान के रोल में दिखेंगे। ट्रेलर की शुरुआत शानदार विजुअल के साथ होती है। इस दूसरे ट्रेलर की शुरुआत रावण के उदय और उसकी बढ़ती ताकत से होती है। इस ट्रेलर में भगवान राम की झलकियों के साथ बैकग्राउंड में कहा जा रहा है, 'एक युग ऐसा भी था जब मानव भूमि पर भगवान वास करते थे। सृष्टि में शक्ति का संतुलन था। परंतु भगवान ब्रह्मा के वरदान ने एक असुर को इतना शक्तिशाली बना दिया।

लाइफ Style

आशा

एक वक्त काम नहीं था, फिर भी एक्टिंग नहीं छोड़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टीवी एक्ट्रेस आशा नेगी इन दिनों 'अली बाबा 40 भूत' में नजर आ रही हैं। शो में उनका किरदार साइंस स्टूडेंट का है, जो शुरुआत में भूत-प्रेत जैसी चीजों को बकवास मानता है। आशा के लिए इस शो की शुरुआत ही थोड़ी अलग रही। उन्हें शूट शुरू होने से सिर्फ दो दिन पहले लॉक किया गया था। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने शो के अलावा अपने कॅरियर के उतार-चढ़ाव, लंबे शूटिंग शेड्यूल और निजी जिंदगी से जुड़े कई किस्से साझा किए।

आशा कहती हैं, 'मुझे शो के लिए सिर्फ दो दिन पहले लॉक किया गया था। अगले दिन मेरे ट्रायल हुए। फिर छह एपिसोड की रीडिंग हुई, शाम को लुक टेस्ट हुआ और उसी दौरान शूट भी शुरू हो गया। मुझे उस वक्त सिर्फ चौथे एपिसोड की स्क्रिप्ट पता थी। मुझे आगे की कहानी पता थी, न पीछे की। सच कहूं तो मुझे खुद समझ नहीं आ रहा था कि मैंने ये सब कैसे मैनेज किया।' वह आगे कहती हैं, 'शायद हमारे डायरेक्टर बहुत अच्छे थे और एक्टर्स ने भी बहुत मदद की। कई बार लगता है कि विशाल की परफॉर्मेंस की वजह से मैं बच गई। बाकी सब मस्ती-मजाक में हो गया। मुझे लास्ट मोमेंट पर लॉक किया गया था, तैयारी का टाइम ही नहीं मिला। कई बार सोचती हूं कि मैंने ये सब कैसे कर लिया। लेकिन यही इस काम की खूबसूरती है। कई बार पूरी तैयारी का मौका नहीं मिलता और उसी वक्त चीजों को पकड़ना पड़ता है।' मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक शहर ओरछा में 40 एपिसोड की शूटिंग करीब दो महीने चली। आशा कहती हैं, 'मेरे लिए मेंटल प्रिपरेशन भी उतना ही जरूरी था। 40 एपिसोड का शूट है, तो सिर्फ रीडिंग या स्क्रिप्ट की तैयारी नहीं थी। हमें करीब दो महीने एक आइसोलेटेड रीजन में रहना था। वहीं काम करना है, वहीं खाना-पीना है। वही लोग आपके परिवार और दोस्त बन जाते हैं।



हॉलीवुड मसाला



वीडियो गेम फ्रेंचाइजी पर आधारित है स्ट्रीट फाइटर

लॉस एंजिल्स। विद्युत जामवाल की पहचान उनके एक्शन से है। 'कमांडो' जैसी फिल्मों में वह अपने स्टंट से अलग पहचान बना चुके हैं। अब वह हॉलीवुड पहुंचे हैं। उनकी फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' मशहूर वीडियो गेम फ्रेंचाइजी पर आधारित है। इस फिल्म को लेकर भारतीय दर्शकों की दिलचस्पी की एक बड़ी वजह विद्युत हैं। वह धालसिम के किरदार में नजर आते हैं, जो गेम के चर्चित लड़ाकों में से एक है। लेकिन फिल्म में विद्युत को अपनी प्रतिभा दिखाने का पर्याप्त मौका नहीं मिला है। स्ट्रीट फाइटर जापानी कंपनी कैपकॉम की मशहूर वीडियो गेम फ्रेंचाइजी है। इसकी शुरुआत 1987 में हुई थी। 1991 में आए 'स्ट्रीट फाइटर II' ने इसे दुनिया भर में पहचान दिलाई। गेम में अलग-अलग देशों के लड़ाके मुकाबला करते हैं। हर किरदार का अपना अंदाज और हमला करने का अलग तरीका है।



प्रियंका को मिला 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा जोनस को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया गया है। लॉस एंजिल्स में आयोजित तीसरे सालाना 'इनस्टाइल इमेजमेकर अवॉर्ड्स' में प्रियंका को 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान दिया गया. यह सम्मान मनोरंजन जगत में उनके योगदान के साथ-साथ महिलाओं के लिए नए अवसर बनाने और अलग-अलग आवाजों को मंच देने की दिशा में उनके काम को पहचान देता है। इस मौके पर अभिनेता मेगन सूरी, अवंतिका वंदनापु और अमिता राव ने प्रियंका को यह सम्मान प्रदान किया। भारतीय सिनेमा से अपने करियर की शुरुआत करने वाली प्रियंका ने हॉलीवुड में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। अभिनय के अलावा वह निर्माता और उद्यमी के रूप में भी सक्रिय हैं। उनके प्रोडक्शन हाउस 'पर्पल पेबल पिक्चर्स' के जरिए अलग तरह की कहानियों और नए कलाकारों को सामने लाने की कोशिश की जाती रही है। प्रियंका का अंतरराष्ट्रीय करियर केवल फिल्मों तक सीमित नहीं रहा है। वह फैशन और मनोरंजन से जुड़ी चर्चाओं में भी लगातार मौजूद रहती हैं। 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान इसी व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है, खासकर ऐसे समय में जब हॉलीवुड में प्रतिनिधित्व और महिलाओं के लिए समान अवसरों को लेकर चर्चा जारी है।



गरीबी में मिला दोस्ती का तोहफा मगर अमीरी देगी खतरों को न्यौता

मुंबई। वेबसीरीज 'चार यार' का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। इस सीरीज में एक्शन, थ्रिल और दोस्ती को मिलेगी। इसमें पूरव झा, नमन जैन, साकिब अयूब और प्रयाग मेहता नजर आ रहे हैं अहम किरादारों में नजर आ रहे हैं। यह सीरीज 23 अक्टूबर को अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। वेबसीरीज 'चार यार की शुरुआत होती है मिडिल क्लास परिवारों के चार लड़कों से। यह सभी परिवारिक अर्थिक स्थिति से परेशान हैं। मगर इन सभी के जीवन में एक मोड़ आता है जिसके बाद चार जिंदगियां हमेशा के लिए बदल जाती हैं। यह चारों दोस्त गरीबी से निजात पाने के लिए चोरी का प्लान बनाते हैं। गलती से यह चारों एक महंगी और एंटीक गाड़ी चुरा लेते हैं और छुपा देते हैं। इसके बाद पुलिस थानों से लेकर गाड़ी चोरी करने वाले बड़े सरगनाओं तक यह बात फैल जाती है। सभी लोग इन्हें ढूंढने की कोशिशों में लग जाते हैं।



15 साल बाद आएगा द डर्टी पिक्चर का सीक्वल

मुंबई। साल 2011 में आई फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' को लोगों ने काफी पसंद किया था। मिलन लुथरिया के निर्देशन में बनी यह फिल्म सिल्क स्मिता की जिंदगी पर आधारित थी। इसमें विद्या बालन ने लीड रोल प्ले किया था। वहीं, उनके साथ नसीरुद्दीन शाह, इमरान हाशमी और तुषार कपूर भी नजर आए थे। अब फिल्म की निर्माता एकता कपूर ने हाल ही में इसके सीक्वल को लेकर बात की और बताया कि वह जल्द ही 'द डर्टी पिक्चर 2' लेकर आ रही हैं। साथ ही उन्होंने फिल्म की कहानी से जुड़ा भी अपडेट शेयर किया। एकता ने कहा कि वह काफी समय से फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' के सीक्वल के बारे में सोच रही थीं। अब उन्हें ऐसी कहानी मिल गई है, जिसे वह दर्शकों को सुनाना चाहती हैं। निर्माता ने यह भी बताया कि पहली फिल्म की तरह नई फिल्म भी किसी एक व्यक्ति की जिंदगी पर आधारित होगी।

टीवी मसाला



अंदर के रावण से लड़ने के लिए मनीष-समीक्षा ने लिया प्रण

मुंबई। रावण सिर्फ रामायण का एक पात्र नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के भीतर छिपा एक अवगुण भी है। कभी अहंकार के रूप में तो कभी आत्मविश्वास की कमी के रूप में। हर साल दशहरा के मौके पर रावण दहन अपने अंदर झांकने और मन में छिपे दुर्गुणों से लड़ने की भी प्रेरणा देता है। हर इंसान के भीतर अच्छाई के राम और कमजोरियों के रावण के बीच एक युद्ध चलता रहता है। धारावाहिक हस्तिनापुर के वीर में भीष्म पितामह की भूमिका निभाने वाले अभिनेता मनीष वाधवा कहते हैं, इंसान को बुराइयों का पुतला कहा गया है और मैं भी अलग नहीं हूं। हर इंसान में गुस्सा, अहंकार, ईर्ष्या, निंदा और लालच जैसी बहुत सारी बुराइयां भरी होती हैं। एक बार कुछ गलत होने पर कोशिश होती है कि दोबारा ऐसा न करूं। हम इंसान हैं भगवान नहीं तो कुछ गलतियां बार-बार होती रहती हैं। हम हर साल दशहरा के मौके पर जो रावण को जलता हुआ, रावण पर राम की विजय को देखते हैं, वो बार-बार यही दर्शाता है कि हमें हर बार अपने अंदर के उन रावण रूपी बुराइयों को मारना होगा। धारावाहिक अप्सरा में सुनहरी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री समीक्षा जायसवाल कहती हैं, 'मेरे लिए दशहरा उम्मीद और साहस का त्योहार है। यह याद दिलाता है कि बुराई कितनी भी ताकतवर क्यों न लगे, उसके सामने खड़े होने का हौसला रखना चाहिए। मां दुर्गा की शक्ति और दूसरों की रक्षा करने का भाव मुझे हमेशा प्रेरित करता है।' समीक्षा ने आगे बताया, "किसी नए चुनौतीपूर्ण काम की शुरुआत से पहले कभी-कभी मुझे अपनी क्षमताओं पर संदेह होता था।

38 साल से हर संडे गूंज रही सुरों की 'रंगोली'

नई दिल्ली। जब देश में मनोरंजन के ज्यादा साधन नहीं थे, तब दूरदर्शन आया और इतने यादगार सीरियल्स और शोज दिए कि उसने घर-घर में लोगों को टीवी खरीदने पर मजबूर कर दिया। एक ऐसा ही शो 1988 में शुरू हुआ था। हिंदी सिनेमा की 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी ने इस शो की शुरुआत की थी और टीवी पर यह इतना बड़ा हिट हुआ कि लोग हर रविवार को सुबह 8 बजे टीवी के सामने बैठकर इस शो का आनंद लेने पर मजबूर हो गए। 'रंगोली' एक म्यूजिकल शो था जो 1988 में दूरदर्शन पर शुरू हुआ था। शो का फॉर्मेट ऐसा था कि हर हफ्ते नया थीम होता था और किसी फिल्मी सितारे या गायक-गायिका के बारे में बताया जाता था और उनसे जुड़े सदाबहार गानों को दिखाया जाता था। यह म्यूजिकल शो हर सुबह की शुरुआत मनोरंजन से करता था। यह शो 80 और 90 के दशक में सबसे ज्यादा हिट रहा। सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी इसने खूब सफलता हासिल की। इसे सबसे ज्यादा लोकप्रियता मिडिल ईस्ट और यूनाइटेड स्टेट्स में मिली थी।



भक्ति में लीन काजोल, मां और बहन के साथ पहुंचीं माता रानी के दरबार

मुंबई। मुखर्जी परिवार हर साल दुर्गा पूजा का उत्सव धूमधाम से सेलिब्रेट करता है। अयान मुखर्जी से लेकर रानी मुखर्जी, काजोल, तनुजा समेत तमाम सितारे पंडाल में पहुंचते हैं और मां की भक्ति-पूजा में लीन रहते हैं। इस साल भी भव्य आयोजन हुआ है। बीते दिन काजोल वहां पहुंचीं। उन्होंने कुछ तस्वीरें साझा की हैं। काजोल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने दुर्गा पूजा पंडाल से तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'आज का दिन पूरी तरह से मां के विभिन्न रूपों को समर्पित रहा। एक मां के रूप में, एक बेटी के रूप में, एक रक्षक के रूप में और एक देवी के रूप में'। काजोल ने आगे लिखा है, 'जय मां दुर्गा। उत्साह के साथ जश्न शुरू हो चुका है'। काजोल लाल रंग की साड़ी में नजर आ रही हैं। उनके साथ उनकी मां और दिग्गज अभिनेत्री तनुजा भी हैं। 83 वर्षीय तनुजा अपनी दोनों बेटियों-काजोल और तनीषा के साथ पोज देती दिख रही हैं। अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पूजा की तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'साल के सबसे पसंदीदा वक्त की शुरुआत हो चुकी है। मां आ गई हैं। दुर्गा मां की जय हो'। तस्वीरों में चर्चित निर्देशक अयान मुखर्जी भी नजर आ रहे हैं। बता दें कि अयान, काजोल के चचेरे भाई हैं। काजोल और तनीषा माता रानी के भक्ति गीतों पर थिरकती नजर आईं।



पर्दे की असली 'देवी', भजन गाकर लोग करते थे पूजा

नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में पर्दे पर कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जिन्होंने अपने किरदारों से दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई है। इनमें से एक एक्ट्रेस ऐसी रहीं, जो पर्दे पर मां के किरदारों में खूब पसंद की गईं। हालांकि मां से पहले एक दौर ऐसा था, जब उन्हें लोग सच में देवी समझने लगे थे।

कौन थी वो अभिनेत्री?

जिस अभिनेत्री के नाम का जिक्र हम कर रहे हैं, उनका नाम है निरूपा रॉय। सिनेमा में भी पर्दे की दमदार मां के किरदार का जिक्र होता है निरूपा रॉय का नाम हमेशा सामने आता है। उन्होंने पर्दे पर कई किरदार निभाए। उनकी पुण्यतिथि के मौके पर आइए जानते हैं, उनसे जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा। निरूपा रॉय का जन्म 4 जनवरी 1931 को गुजरात में हुआ था। निरूपा रॉय जब 15 साल की थीं, तभी उनके पिता ने उनकी शादी कर दी। तब ऐसा होता था कि, जल्दी ही शादी कर दी जाती थी और निरूपा रॉय के साथ भी यही हुआ। शादी के बाद निरूपा रॉय ने फिल्मों में एंट्री की। जब वह फिल्मों में आईं तब उनका नाम कांता चौहान था। शादी के बाद उनके पति ने गुजराती फिल्मों के एक ऑडिशन का विज्ञापन देखा। निरूपा रॉय के पति कमल खुद एक्टर बनना चाहते थे, इसलिए ऑडिशन देने गए। लेकिन किस्मत को कुछ और मंजूर था, डायरेक्टर ने पति की जगह 16 साल की कांता को चुन लिया। फिर कांता चौहान निरूपा रॉय बन गईं और फिल्मों में आ गईं।



धार्मिक फिल्मों का था चलन

निरूपा रॉय जब फिल्मों में आईं थीं, तो उस दौर में सिनेमा में धार्मिक फिल्मों का चलन ज्यादा था। ज्यादातर फिल्ममेकर धार्मिक फिल्में बनाते थे और निरूपा रॉय की किस्मत भी इन्हीं फिल्मों से खुली। हालांकि निरूपा रॉय के करियर को ब्रेक एक गुजराती फिल्म से मिला था। फिल्मों की शुरुआत में निरूपा रॉय ने धार्मिक फिल्मों में काम किया। 1940 और 50 के दशक में उन्होंने त्रिलोक कपूर के साथ लगभग 16 से 18 धार्मिक फिल्मों में काम किया।

लोग सच में देवी ही मानने लगे थे

इन फिल्मों में वह देवी के रूप में नजर आईं। हैरानी की बात तो यह थी कि उन्हें लोग सच में देवी ही मानने लगे थे। लोग उन्हें जहां देखते, भजन गाना शुरू कर देते और उनके पैरों में पड़ जाते थे। हर-हर महादेव, राम जन्म, दुर्गा पूजा, चक्रधारी, नाग पंचमी और ना जाने ऐसी कितनी फिल्में थीं, जिनमें निरूपा रॉय नजर आईं। हालांकि, वीर भीमसेन में उन्होंने द्रौपदी का किरदार निभाकर सबका दिल जीत लिया था। अमर राज उनके कॅरियर की पहली हिंदी फिल्म थी। हिंदी सिनेमा में निरूपा रॉय ने इन फिल्मों के बाद कई बड़ी फिल्मों में काम किया। 70 और 80 के दशक में तो उन्होंने सिनेमा की असली मां बनकर ऐसा कारनामा किया कि सब देखते रह गए।

देवी-देवताओं पर बनी इन फिल्मों को ऑडियंस ने किया खूब पसंद

माता वैष्णों देवी से लेकर माता काली और दुर्गा पर बनी हैं ये शानदार फिल्में

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हिंदी सिनेमा में कई ऐसी फिल्में बनाई गई है जिसमें भगवान की शक्ति और एक भक्त की भक्ति दिखाई गई है। भगवान, राम से लेकर हनुमान तक पर फिल्में बनीं हैं। देवी देवताओं पर बनी इन फिल्मों को ऑडियंस ने खूब पसंद किया था। इस लिस्ट में एक ऐसी भी फिल्म शामिल है, जिसने कमाई और मुनाफे के मामले में शोले जैसी फिल्म को भी पीछे छोड़ दिया था। नवरात्र के मौके पर जानिए देवियों पर बनी इन 5 खास फिल्मों के बारे में।

जय संतोषी मां

साल 1975 में संतोषी माता की कहानी सुनाने वाली एक फिल्म आई थी। इस फिल्म का नाम था 'जय संतोषी मां'। इस फिल्म में अनीता गुहा ने माता का किरदार निभाया था। ऐसा माना जाता है कि इस फिल्म के बाद देश भर में संतोषी माता के व्रत करने का चलन बढ़ गया था। थिएटर में फिल्म देखने जाने वाले लोग चप्पल बाहर उतार कर अंदर जाया करते थे। 25 करोड़ के बजट में बनी फिल्म ने उस जमाने में 5 करोड़ का कलेक्शन किया था। मुनाफा कमाने के मामले में इस फिल्म ने शोले को पीछे छोड़ दिया था।



महिमा संतोषी माता की

1983 में एक और संतोषी मां पर बनी फिल्म आई थी। इस फिल्म का नाम था 'महिमा संतोषी माता की'। फिल्म का डायरेक्शन कमलाकार कामेश्वर राव ने किया था। इस फिल्म में चंद्र मोहन, प्रभा और KR विजय लीड रोल में थे। फिल्म की कहानी माता पर लोगों के विश्वास और उनकी महिमा की थी।

जय महाकाली

साल 1979 में मां काली पर फिल्म आई थी। इस फिल्म का नाम था जय महाकाली। इस फिल्म का डायरेक्शन बाबूभाई मिस्त्री ने किया था। फिल्म में मां काली की शक्तियों को दिखाया गया था। इस फिल्म में विक्रम गोखले, रंजना, दीनू त्रिवेदी, माधवी पंड्या जैसे एक्टर्स ने लीड रोल निभाया था। इसकी **IMDB** रेटिंग की जानकारी नहीं दी गई है।

दुर्गा मां

1986 में दुर्गा मां नाम की एक फिल्म आई थी। इस फिल्म की कहानी एक अनाथ बच्ची की होती है। उस बच्ची को एक पुलिस अधिकारी गोद ले लेता है। लेकिन उसकी पत्नी बच्ची से खुश नहीं होती है। बच्ची बड़ी होती है तो मां दुर्गा की सच्ची भक्त निकलती है। उसकी शादी होती है और वो उसका नाम दुर्गा रखती है। लेकिन कुछ लोग उस बच्ची की बलि चढ़ाना चाहते हैं। कहानी इमोशनल करने वाली है। इस फिल्म में सचिन पिलगांवकर ने अहम भूमिका निभाई है।

जय मां वैष्णों देवी

नवरात्रि के दौरान टीवी पर अपने जय मां वैष्णों देवी नाम की फिल्म जरूर देखी होगी। ये फिल्म साल 1994 में थिएटर पर रिलीज हुई थी। ये वही फिल्म है जिसकी कहानी में माता खुद अपने भक्त को किया वादा निभाने के लिए जमीन पर कन्या के रूप में आती है। फिल्म में दिखाया जाता है कि एक कपल औलाद पाने के लिए माता के नौ दिनों के व्रत रखते हैं और पूरे गांव को खाने पर बुला लेते हैं। फिर माता खुद आती हैं और चमत्कार कर पूरे गांव को खाना खिलवाती है।

9 साल से जगा रहा शिक्षा की अलख

स्लम एरिया टैलेंट अब 'द स्ट्रीट लाइट स्कॉलर्स फाउंडेशन' के नाम से नई पहचान की ओर

गरीब बच्चों के हाथों में थमाईं किताबें, बेटियों के सपनों को दिए नए पंख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कहते हैं कि समाज में बदलाव लाने के लिए बड़े संसाधनों से ज्यादा बड़े संकल्प की आवश्यकता होती है। यदि किसी व्यक्ति के मन में दूसरों के जीवन को बेहतर बनाने की सच्ची इच्छा हो तो छोटी-सी शुरुआत भी एक बड़े सामाजिक आंदोलन का रूप ले सकती है। नारनौल शहर में जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए काम कर रही संस्था स्लम एरिया टैलेंट संस्था की नौ वर्षों की यात्रा इसी सोच का उदाहरण है। वर्ष 2017 में महज तीन ऐसे बच्चों से शुरू हुआ यह सफर आज अनेक बच्चों के जीवन में शिक्षा, सम्मान, आत्मविश्वास और बेहतर भविष्य की उम्मीद जगाने का माध्यम बन चुका है। संस्था ने अपने नौ वर्ष पूरे कर लिए हैं और अब "द स्ट्रीट लाइट स्कॉलर्स फाउंडेशन" के नाम से अपनी सामाजिक एवं शैक्षणिक मुहिम को आगे बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत है।



नारनौल। संस्था से जुड़े बच्चे।

अन्य क्षेत्र में भी प्रोत्साहन

संस्था से जुड़े बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसरों के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। संस्था के बच्चे जूडो और तीरंदाजी जैसी खेल गतिविधियों से भी जुड़े हैं। संस्था से जुड़ी बेटियों ने राज्य स्तर पर पदक जीतकर भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। इसके अतिरिक्त, संस्था के बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों, धार्मिक झांकियों, नृत्य और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है।

स्लम एरिया टैलेंट की यहां से हुई शुरुआत

स्लम एरिया टैलेंट की शुरुआत के पीछे एक ऐसी घटना है, जिसने संस्थापक हनी गुप्ता को भीतर तक झकझोर दिया। हनी गुप्ता के अनुसार, एक झुग्गी बस्ती में रहने वाली बच्ची कैंसर से पीड़ित थी। उसकी सहायता करने के प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। इस घटना ने उन्हें यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि समाज में ऐसे कितने बच्चे हैं, जो गरीबी, अभाव और उचित अवसरों की कमी के कारण अपना बचपन और भविष्य दोनों खो देते हैं। इसी पीड़ा ने उनके भीतर जरूरतमंद बच्चों के लिए कुछ करने का संकल्प पैदा किया। उन्होंने महसूस किया कि बच्चों को केवल तत्काल सहायता ही नहीं, बल्कि ऐसा अवसर भी मिलना चाहिए, जिससे वे जीवनभर अपने पैरों पर खड़े हो सकें। इसी विचार के साथ वर्ष 2017 में उन्होंने तीन ऐसे बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की पहल की, जो सड़कों पर भीख मांगने को मजबूर थे। यह शुरुआत आसान नहीं थी। संसाधनों की कमी, बच्चों को पढ़ाई के लिए तैयार करना काफी मुश्किल रहा।

अब तक 200 से अधिक बच्चों को दी शिक्षा

संस्था के अनुसार अब तक 200 से अधिक बच्चों को शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया है। इनमें से अनेक बच्चों को विद्यालयी शिक्षा से जोड़ने तथा उनके भविष्य के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया गया है। यह बदलाव केवल बच्चों की किताबों तक सीमित नहीं है।

125 बच्चे ले रहे निःशुल्क ट्यूशन

नौ वर्षों की इस यात्रा में संस्था ने जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाए रखा है। वर्तमान में संस्था में लगभग 125 बच्चे नियमित रूप से निःशुल्क ट्यूशन प्राप्त कर रहे हैं। इन बच्चों को पढ़ाई में सहयोग देने के साथ-साथ उनकी शैक्षणिक प्रगति पर ध्यान दिया जाता है।

जरूरतमंदों की मदद लक्ष्य

नौ वर्षों के अनुभव और कार्य को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से संस्था अब "द स्ट्रीट लाइट स्कॉलर्स फाउंडेशन" के नाम से भी अपनी पहचान को आगे बढ़ा रही है। इसका मूल उद्देश्य वही है जरूरतमंद बच्चों तक शिक्षा पहुंचाना, बेटियों को आगे बढ़ाना और अभावों के बीच पल रहे बच्चों के सपनों को साकार करने में सहयोग देना। संस्थापक हनी गुप्ता के लिए यह नौ वर्ष केवल समय का पड़ाव नहीं, बल्कि उन बच्चों की उम्मीदों, संघर्षों और उपलब्धियों से जुड़ी यात्रा है, जिन्होंने शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन में बदलाव की दिशा में कदम बढ़ाया है।

रामलीला में भारी संख्या में उमड़े दर्शक, जयकारों की गूंज से भक्तिमय हुआ माहौल

कलाकारों के सशक्त व भावपूर्ण अभिनय से सजीव हुआ सीता हरण की लीला का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

श्री आदर्श रामलीला कमेटी के रंगमंच पर बीती रात सीता हरण की लीला का प्रभावशाली मंचन किया गया। कलाकारों ने सशक्त अभिनय और भावपूर्ण संवादों के माध्यम से रामायण के इस महत्वपूर्ण प्रसंग को जीवंत कर दिया। सूर्पणखां द्वारा राम लक्ष्मण को रिझाना, लक्ष्मण द्वारा नाक काटना, खर दूषण वध, स्वर्ण मृग के प्रति माता सीता की जिज्ञासा, राम का उसके पीछे जाना, लक्ष्मण का कुटिया छोड़ना और रावण द्वारा साधु वेश में पहुंचकर सीता का हरण करने के दृश्यों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। लीला में राम के पात्र में पवन चौहान, सीता की मानव यादव और लक्ष्मण की नवीन कुमार ने निभाई। रावण के रूप में ललित एडवोकेट अपने प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों पर छाप छोड़ी। दूषण पंकज सैनी कर व जटायु का केशव सेठ जबकि सूर्पणखा के शुभम तिवाड़ी ने अभिनय किया। मारीच भगवान दास सैनी, राक्षस कर्म खन्ना ने भी अपने अभिनय प्रभावी बनाने में योगदान दिया। कलाकारों के संवाद और मंच पर घटनाक्रम की प्रस्तुति ने दर्शकों को रामायण के घटनाक्रम से जोड़े रखा। कार्यक्रम में पाली के सरपंच देशराज मुख्य अतिथि रहे, जबकि प्रेम फौजी ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में बृजलाल रोहिल्ला और मनीष प्रजापत उपस्थित रहे। अतिथियों ने रामलीला के माध्यम से धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के प्रयासों की सराहना की।



महेंद्रगढ़। माता सीता को हरण कर लेकर जाता रावण। फोटो : हरिभूमि

रावण-मारीच संवाद का मंचन



नारनौल। शहर की अनाज मंडी स्थित श्रीकृष्णा ड्रैमेटिकल क्लब के रंग मंच पर भगवान नारायण सेवा संस्था की ओर स चल रही भगवान श्रीराम की लीला का मंचन के नौवें दिन रावण मारिच संवाद, सीता हरण, शबरी मिलन की लीला का मंचन किया गया। मंच संचालन भारत भूषण तायल, रतन लाल भास्कर किया। रामलीला कमेटी के प्रधान मोनू भाटा ने बताया कि रामलीला का शुभारंभ राजकुमार एडवोकेट, डॉ अमित गुप्ता सीएल व उनके साथ कन्हैयालाल निर्मल, रामसिंह मधुर सैनी के द्वारा गणेश पूजन के साथ रामलीला का प्रारंभ हुआ। इसमें श्रीराम का किरदार नवीन सिंघल, लक्ष्मण का मनोज निर्मल, सीता का विवेक शर्मा, रावण का मुकेश आनंद, जोगी रावण का चिन्नू जाबर, जटायु का नरेश तायल, मारिच का जगदीश बिल्ला ने निभाया।

शूर्पणखा प्रसंग और खर-दूषण वध देखने उमड़े लोग



मंडी अटेली। अटेली मंडी के झंडा चौक पर श्री शिव रामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला के दसवें दिन भरत मिलाप, शूर्पणखा की नाक काटने और खर-दूषण वध के प्रसंगों का मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। रामलीला के दौरान दिखाया गया कि ननिहाल से लौटने पर भरत को भगवान राम के वनवास और राजा दशरथ के निधन की सूचना मिलती है। यह सुनकर भरत बेहद भावुक हो जाते हैं और भगवान राम को अयोध्या वापस लाने के लिए वन पहुंचते हैं। भरत भगवान राम से अयोध्या लौटने का आग्रह करते हैं, लेकिन भगवान राम 14 वर्ष का वनवास पूरा करने के बाद ही लौटने के अपने संकल्प को दोहराते हैं। इसके बाद शूर्पणखा भगवान राम के सामने विवाह का प्रस्ताव रखती है। भगवान राम के मना करने पर वह लक्ष्मण के पास जाती है। लक्ष्मण क्रोधित होकर उसकी नाक काट देते हैं। अपमानित शूर्पणखा अपने भाइयों खर और दूषण को इसकी जानकारी देती है।

सबरी प्रसंग देख श्रद्धालु भावुक



नारनौल। मोहल्ला चांदूवाड़ा स्थित श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट की ओर से आयोजित 77वें ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव में वीरवार रात्रि श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। वर्ष 1950 से निरंतर आयोजित हो रही इस ऐतिहासिक रामलीला में शहर और आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए रामभक्तों के जयकारों से संपूर्ण प्रांगण गुंजायमान हो उठा। यह आयोजन संरक्षक शंभू दयाल गर्ग के मार्गदर्शन एवं संस्थापक पं. रेवतीनंदन जी हरित के आशीर्वाद से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें डॉ. मनोज वर्मा ने सफल निर्देशन की जिम्मेदारी संभाली। मंचन के दौरान कलाकारों ने शूर्पणखा की नाक काटने, खर-दूषण वध, मारीच प्रसंग, सीता हरण, जटायु मोक्ष और सबरी मिलन के पौराणिक दृश्यों की सजीव प्रस्तुति दी। श्री राम के रूप में दीपक हरित, सीता के रूप में राजेश सोनी और लक्ष्मण के रूप में बबरू मान ने अमिट छाप छोड़ी।



भरत मिलाप ने किया भावविभोर

महेंद्रगढ़। श्री रामलीला परिषद के रंगमंच पर सप्तम रजनी में बुधवार रात दशरथ मरण और भरत-राम मिलाप की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। राम के वनवास से व्याकुल महाराज दशरथ ने कौशल्या को श्रवण कुमार वध का प्रसंग सुनाया और पुत्र वियोग के श्राप को याद कर पश्चाताप किया। महाराज दशरथ बने सुधीर दीवान ने हाय राम... हाय राम पुकारते हुए प्राण त्यागने के दृश्य को सजीव कर दर्शकों को भावुक कर दिया। इसके बाद भरत मिलाप और केवट प्रसंग का मंचन हुआ, जिसमें प्रेम, त्याग और भक्ति की अनूठी मिसाल देखने को मिली। भरत बने रवि सैनी, राम बने विकास भारद्वाज और केवट बने सतीश श्रवण के मार्मिक अभिनय ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

न्यूज डायरी

पिता की पुण्यतिथि पर की मानव सेवा



नारनौल। सच्ची श्रद्धांजलि प्रार्थना में नहीं, सेवा में है। इसी भाव को चरितार्थ करते हुए शुक्रवार को स्व. डॉ भागीरथ निर्मल की पुण्यतिथि पर उनके सुपुत्र डॉ विकास निर्मल, पुत्रवधू मेनका निर्मल, पौत्र निश्चय निर्मल व प्रतिष्ठ निर्मल ने रोटरी क्लब द्वारा संचालित रोटरी रसोई में भोजन पर भोजन सेवा कर अपने पिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. विकास निर्मल ने सपरिवार उपस्थित होकर अपने कर-कमलों से जरूरतमंदों को भोजन परोसा और मानवता की सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। रोटरी क्लब जिस निस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की सेवा में जुटा है, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।



ब्लॉक स्तरीय प्रदर्शनी में मिला प्रथम स्थान

नांगल चौधरी। ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल चौधरी की छात्राओं ने प्रथम स्थान हासिल करके संस्था का गौरव बढ़ाया है। विजेता छात्राओं को प्राचार्य दिनेश कुमार ने प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में साईंस प्रतिभा को निखारने के मकसद से खंड स्तर पर मॉडल प्रदर्शनी निर्धारित की गई। स्कूल की चार छात्राओं ने प्रदर्शनी में पंजीकरण कराया था, जिनमें तीन छात्राओं ने ग्लोबल वार्मिंग पर मॉडल प्रस्तुत करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने मॉडल के इस्तेमाल से प्रदूषण नियंत्रण तकनीक से अवगत कराया। निर्णायक मंडल की रिपोर्ट में छात्राओं के मॉडल को प्रथम स्थान मिला है। जबकी एक छात्रा के मॉडल को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।



सर्वाइकल कैंसर से बचाव को टीकाकरण

महेंद्रगढ़। खंड की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मालड़ा बास में किशोरी स्वास्थ्य व टीकाकरण को लेकर विशेष बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता चिकित्सा अधिकारी डॉ. पिंकी ने की। डॉ. पिंकी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिले में 14 से 15 वर्ष की किशोरियों के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। यह टीका महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव में बेहद कारगर है। महिला स्वास्थ्य सुपरवाईजर सरोज ने बताया कि यह टीका सिंगल डोज के रूप में बिल्कुल निःशुल्क लगाया जा रहा है। बैठक में मुकेश चौहान, अशोक कुमार, कर्मबीर, सतीश खैरवाल, बॉबी, आईए उदय सहित सभी एएनएम, आशा वर्कर और हेल्थ स्टाफ ने भाग लिया।

सिविल सर्विसेज की तैयारी को किया प्रेरित



सतनाली मंडी। राजकीय महाविद्यालय में महेंद्रगढ़ के एसडीएम एवं आईएएस अधिकारी योगेश सैनी ने दौरा कर विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को सिविल सर्विसेज सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित किया और सफलता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। एसडीएम योगेश सैनी ने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना और उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करना बेहद जरूरी है। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन, अनुशासन, सकारात्मक सोच और निरंतर अभ्यास की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

'गुड टच-बैड टच' की दी जानकारी

नारनौल। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी की अध्यक्षता में शुक्रवार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। सीजेएम नीलम कुमारी ने विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट के मुख्य प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को 'गुड टच और बैड टच' के अंतर को समझाते हुए बताया कि किसी भी अप्रिय स्थिति या असुरक्षित महसूस होने पर वे बिना किसी डर के तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षकों या संबंधित अधिकारियों से संपर्क करें।साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को उनके मूलभूत मौलिक अधिकारों, बाल अधिकारों और मुफ्त विधिक सहायता योजनाओं से अवगत कराया।

खबर संक्षेप

अटेली के शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्रित

मंडी अटेली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सुशासन एवं जनसेवा को समर्पित सेवा संकल्प अभियान के तहत अटेली में रक्तदान शिविर लगाया गया। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व सरपंच प्रदीप सराय की ओर से आयोजित शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

पहाड़ी माता का वार्षिक संकीर्तन महोत्सव आज

सतनाली मंडी। कस्बे में एसबीआई बैंक के पास नवरात्र के पावन पर्व पर माधोगढ़िया परिवार की ओर से पहाड़ी वाली माता का 20वां वार्षिक संकीर्तन महोत्सव 17 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति सदस्य महेश माधोगढ़िया ने बताया कि शनिवार सायं 7:15 बजे से शुरू होने वाले इस महोत्सव में निखिल अग्रवाल भिवानी, ट्विंकल शर्मा दिल्ली एवं सुधांशु गौत्तम तिजारा माता रानी का गुणगान करेंगे।

24 को पोस्टर मेकिंग एवं भाषण प्रतियोगिता

नारनौल। विश्व पोलियो दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स की ओर से राजवंशी सीनियर सेकेंडरी स्कूल दौचाना में 24 अक्टूबर को पोस्टर मेकिंग एवं भाषण प्रतियोगिता होगी। यह जानकारी रोटरी क्लब नारनौल के प्रधान रोटेरियन दिनेश भार्गव ने दी।



श्रीकृष्णा स्कूल में विज्ञान प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

महेंद्रगढ़। श्रीकृष्णा स्कूल में शुक्रवार को विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। मिडल हेड सुरेंद्र कुमार ने बताया कि विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करने और बच्चों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से 80 ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछे गए, जिनका बच्चों ने बहुत ही सटीक और त्वरित उत्तर दिया। उन्होंने बताया कि कक्षा आठवीं ऐमबी से यशिका, हर्षिता, शिवानी, विनय व गौरव प्रथम, ऐम ए से तन्नु, प्राची, रक्षित, अमन व गौतम ने दूसरा तथा ऐम डी से हिमानी, चंचल, दीपांशु, हिमांशु व अभिदेव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। चेयरमैन डा. बीरसिंह यादव ने कहा कि आज का युग पूरी तरह विज्ञान और तकनीक का है। इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा और तार्किक क्षमता को बढ़ावा देती हैं। सीईओ कर्मवीर राव और डा. कविता राव ने कहा कि आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने जिस प्रकार 80 अलग-अलग वैज्ञानिक प्रश्नों का आत्मविश्वास के साथ सामना किया, वह वास्तव में सराहनीय है।

राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम

महेंद्रगढ़। राजकीय महाविद्यालयमें आयोजित दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम का समापन उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ हुआ। समापन समारोह में पूर्व जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य मेजर एमआर लांबा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं पूर्व प्राचार्य डॉ. पीके यादव व प्रोफेसर महेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतिभा खोज कार्यक्रम के प्रथम दिन गैर-मंचीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जबकि दूसरे दिन मंचीय प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने चित्रकला, स्लोगन लेखन, रंगोली, कोलाज मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, कार्टूनिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, भाषण, रागिनी तथा हरियाणवी, राजस्थानी एवं पंजाबी नृत्य जैसी प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. मुकेश कुमारी, प्रोफेसर अलका एवं डॉ. अनीता यादव शामिल रहीं।



राजकीय महिला महाविद्यालय में रही गरबा की धूम



नारनौल। राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में गरबा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना तथा उनकी प्रतिभा को एक सशक्त मंच प्रदान करना था। इस अवसर पर डीएचईओ-कम-प्राचार्य राजकीय महिला महाविद्यालय डॉ. अमित चौधरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति हमारी पहचान और गौरव का आधार है। गरबा जैसे पारंपरिक सांस्कृतिक आयोजन भारतीय संस्कृति की विविधता, समृद्धि और जीवंतता का सुंदर परिचय देते हैं। ऐसे कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित रखने, युवा पीढ़ी को अपनी विरासत से परिचित कराने तथा आपसी सौहार्द, एकता और सामूहिक सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में सहायक होती हैं।

विकास की राह पर दौड़ेगा हरियाणा, युवाओं को रोजगार के मिलेंगे बेहतर विकल्प

पंचवर्षीय योजना में 5 लाख करोड़ का मिलेगा निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

यादव समाज कल्याण सभा में भवन लोकार्पण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने सभा भवन के लिए 31 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। कार्यक्रम में नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव, महेंद्रगढ़ के विधायक कवर संह, पूर्व विधायक डॉ अभय सिंह यादव सहित भाजपा के कई नेता और समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है और प्रदेश में औद्योगिक विकास के नए रास्ते खुल रहे हैं। मुख्यमंत्री का लक्ष्य इस पंचवर्षीय योजना के दौरान हरियाणा में पांच लाख करोड़ रुपये का निवेश लाना है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री लगातार विदेशों के दौरे कर रहे हैं। इसी कड़ी में अगले सप्ताह मुख्यमंत्री कोरिया का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि दूसरे प्रदेशों की तुलना में हरियाणा में जमीन की कीमत कुछ अधिक है। इसके बावजूद सरकार औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए नई नीति लाने की दिशा में काम कर रही है। समारोह में प्रधान कर्मपाल यादव, उप प्रधान मनोज यादव, डॉ नरेश यादव, पूर्व विधायक सीताराम समेत विभिन्न समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे हैं।



नांगल चौधरी। कार्यक्रम में मेधावी प्रतिभाओं को पुरस्कृत करते हुए उद्योग मंत्री राव नरवीर सिंह।

लीज पर दे सकेंगे जमीन

प्रस्तावित नीति के तहत किसान उद्योग स्थापित करने के लिए अपनी जमीन लीज पर भी दे सकेंगे। इससे किसानों को जमीन का मालिकाना हक बनाए रखते हुए आय का अतिरिक्त साधन मिल सकता है और उद्योगों को जमीन उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी। नई नीति और निवेश बढ़ाने के प्रयासों से सरकार पंचवर्षीय योजना में निर्धारित पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य हासिल कर सकेगी। इससे प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो सकते हैं।

दशहरा जुलूस उत्सव के लिए लगाई ड्यूटी

नारनौल। श्री आदर्श सनातन धर्म ड्रामेटिक क्लब की आवश्यक बैठक शुक्रवार क्लब के मंच पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विजयादशमी पर्व के संरक्षक किशन चौधरी एडवोकेट ने की। बैठक में 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाले विजयादशमी पर्व-दशहरा विजय जुलूस उत्सव के लिए संयोजक प्रवीण संघी को बनाया गया। मंच संचालन की जिम्मेदारी नितिन चौधरी की देखरेख में रहेगी। क्लब के मंत्री भरत कुमार अग्रवाल ने हाजिरी रजिस्टर में सभी उपस्थित सदस्यों एवं कारसेवकों के हस्ताक्षर करवाए और मीटिंग का एजेंडा पढ़कर सुनाया, जिसका सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया। महोत्सव संरक्षक एवं नप के पूर्व प्रधान किशन चौधरी एडवोकेट ने बताया कि विजयादशमी का उत्सव हर वर्ष क्लब द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया जाता रहा है। इस वर्ष भी इसी कड़ी में जुलूस में बैंड, घोड़ी-बग्गी, नाचने वाली घोड़ी, डीजे पिकअप, अलवर का प्रसिद्ध गदका अखाड़ा, नागिन बैंड आदि मुख्य आकर्षण के रूप में शामिल रहेंगे। इस मौके पर प्रधान अशोक चौधरी, भारत लाल, प्रवीण संघी, द्वारका प्रसाद शर्मा, सर्वेश गोयल, जितेंद्र शर्मा, सुरेंद्र चौधरी, अमित बोहरा, अशोक शर्मा, यशपाल नंदा, राहुल संघी, प्रेमचंद गुप्ता, हरिसिंह, विपिन अग्रवाल, भीमसेन, रतन लाल, अमित कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

सार्वजनिक सूचना

मैं, कैलाश सिंह पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम हमीदपुर, तह. नारनौल, जिला महेंद्रगढ़ (हरियाणा) मेरा पुत्र गुरु नारायण मेरे कहने से बाहर हैं व गलत आदतों का शिकार हैं इसलिए में इसे अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इसके द्वारा किये गये कार्य एवं लेनदेन का यह स्वयं जिम्मेवार होगा, मेरा व मेरे परिवार का इससे कोई वास्ता नहीं होगा।

नगरपालिका ने बजट प्रस्ताव स्वीकृति के लिए हरियाणा सरकार को भेजा

बच्चों के लिए आधुनिक खेल क्षेत्र, युवाओं व बुजुर्गों के लिए ओपन जिम, वॉकिंग ट्रैक, म्यूजिकल फाउंटेन और आकर्षक लाइटिंग की योजना

5 करोड़ की लागत से महेंद्रगढ़ के हुड्डा पार्क का होगा कायाकल्प

विकास गोडवाल ▶▶| महेंद्रगढ़

शहरवासियों को बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने और महेंद्रगढ़ को स्वच्छ, सुंदर एवं हरित शहर बनाने की दिशा में नगर पालिका ने पहल की है। शहर के चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क के व्यापक विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए करीब पांच करोड़ रुपये का विस्तृत बजट प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए सरकार के पास भेजा गया है। योजना के तहत पार्क को आधुनिक सुविधाओं, आकर्षक लैंडस्केपिंग, बेहतर सुरक्षा व्यवस्था और हरियाली से सुसज्जित करने का प्रस्ताव है। बजट मंजूर होने पर पार्क का स्वरूप बदलने के साथ शहरवासियों को सैर, व्यायाम, योग और मनोरंजन के लिए बेहतर वातावरण मिल सकेगा। प्रस्तावित योजना में बच्चों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सुविधाएं विकसित करने की योजना है। पार्क के चारों ओर मजबूत एवं आकर्षक चारदीवारी तथा मुख्य प्रवेश द्वार का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने का भी प्रस्ताव है।



महेंद्रगढ़। चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क। फोटो : हरिभूमि

हरियाली बढ़ेगी

पार्क में छायादार एवं पर्यावरण अनुकूल पेड़, रंग-बिरंगे फूल, सजावटी पौधे और हरे-भरे लॉन विकसित किए जाएंगे। पौधों और घास की देखभाल के लिए आधुनिक सिंचाई व्यवस्था का भी प्रस्ताव है। लोगों के लिए आधुनिक बेंच, छायादार विश्राम स्थल, सार्वजनिक शौचालय और आरओ वाटर कूलर लगाए जाएंगे। गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन, पिकनिक स्थल, वर्षा जल संचयन तथा दिशा-सूचक एवं जागरूकता बोर्ड भी योजना में शामिल हैं। फिलहाल करीब पांच करोड़ रुपये का प्रस्ताव सरकार की स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

व्यायाम की होगी समुचित व्यवस्था



पार्क में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए आधुनिक ओपन जिम विकसित करने की योजना है। यहां विभिन्न व्यायाम उपकरण लगाए जाएंगे। साथ ही योग एवं ध्यान के लिए विशेष स्थान विकसित करने का प्रस्ताव है, ताकि लोग खुले और प्राकृतिक वातावरण में नियमित शारीरिक गतिविधियां कर सकें। बच्चों के लिए आधुनिक खेल क्षेत्र बच्चों के लिए सुरक्षित एवं आकर्षक खेल क्षेत्र तैयार करने की योजना है। इसमें झूले, स्लाइड, सी-सॉ और अन्य खेल उपकरण लगाए जाने का प्रस्ताव है। इसका उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित खुले वातावरण में खेलने का अवसर उपलब्ध करवाना है।

वॉकिंग-जॉगिंग ट्रैक से मिलेगी सुविधा

सुबह-शाम सैर करने वालों के लिए आधुनिक वॉकिंग एवं जॉगिंग ट्रैक विकसित किया जाएगा। ट्रैक तैयार करते समय वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों की आवाजाही को ध्यान में रखने का प्रस्ताव है। साथ ही विश्राम के लिए बेहतर बैठने की व्यवस्था भी की जाएगी।

एलईडी व सोलर लाइट से जगमगाएगा पार्क

पार्क में आधुनिक एलईडी लाइटें लगाने के साथ पैदल रास्तों, पेड़-पौधों और प्रमुख स्थानों पर सजावटी लाइटिंग की योजना है। ऊर्जा बचत और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सोलर लाइटें भी लगाई जाएंगी। इसके अलावा आधुनिक म्यूजिकल फाउंटेन, आकर्षक लैंडस्केपिंग तथा फोटो एवं सेल्फी प्वाइंट विकसित करने का प्रस्ताव है।

प्रधान रमेश सैनी ने बताया उद्देश्य

नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी ने बताया कि हुड्डा पार्क के व्यापक विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए करीब पांच करोड़ रुपये का बजट प्रस्ताव सरकार के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया है। इसका उद्देश्य बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों को ऐसा सार्वजनिक स्थान उपलब्ध करवाना है, जहां वे सैर, व्यायाम, योग और मनोरंजन के साथ प्रकृति के बीच समय बिता सकें। उन्होंने कहा कि योजना में स्वच्छता, हरियाली, सुरक्षा और नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता दी गई है।

खबर संक्षेप

अनाज मंडी में लगाया दंत चिकित्सा शिविर

नांगल चौधरी। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के निर्देशों पर विभाग ने अनाज मंडी में सेवा संकल्प अभियान के तहत दंत चेकअप एवं उपचार शिविर लगाया। जिसमें एसजीटी विश्वविद्यालय की चिकित्सक टीम उपस्थित रही। मरीजों का आधुनिक तकनीक से चेकअप करके दवाइयां मुहैया कराई। साथ ही शारीरिक स्वच्छता को अपनाकर संक्रमित बीमारियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रेरित किया है। शिविर के इंचार्ज डॉ नीरज गुर्जर ने बताया कि सेवा संकल्प चिकित्सा शिविर में सुबह 9 बजे मरीजों के पंजीकरण प्रक्रिया आरंभ की गई।

2 साल बाद भी अटेली को मिल रही निराशा

नारनौल। बहुजन समाज पार्टी के नेता एवं अटेली विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अतरलाल एडवोकेट ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के दो साल के कार्यकाल को निराशाजनक और असफल बताते हुए उनके चुनाव में किए वायदों तथा घोषणाओं पर सवाल उठाए हैं। अतरलाल ने गांव दौंगड़ा अहीर, अटाली व सिलारपुर में जनसंपर्क के दौरान कहा कि चुनाव के दौरान बड़े-बड़े वादे और घोषणा करने वाली आरती सिंह राव का अटेली को उपमंडल, दौंगड़ा अहीर को उपतहसील बनाने, राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर बाघोत सेहलंग के बीच में चढ़ने उतरने के लिए कट बनाने, अटेली में आईएमटी, विश्वस्तरीय बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम और साइ का क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने में का वायदा झूठा साबित हुआ है।

जिला उपायुक्त कार्यालय पर दो घंटे जताया रोष

मॉडल ऑनलाइन तबादला नीति के खिलाफ हेल्थ कर्मियों का प्रदर्शन

एमपीएचडब्ल्यू वर्ग को ऑनलाइन तबादला नीति से बाहर रखने और रिक्त पदों पर नियमित भर्ती की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। प्रदर्शन करने के उपरांत सीटीएम मंगल सैन को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

स्वास्थ्य विभाग की मॉडल ऑनलाइन तबादला नीति के विरोध में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर जिला महेंद्रगढ़ इकाई ने शुक्रवार को जिला उपायुक्त कार्यालय पर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। दोपहर 12 से 2 बजे तक चले प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सीटीएम डॉ. मंगल सैन को सौंपा। कर्मचारियों ने एमपीएचडब्ल्यू वर्ग को ऑनलाइन तबादला नीति से बाहर रखने की मांग की। एसोसिएशन के जिला प्रधान धर्मवीर यादव और राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश चौहान ने कहा कि सरकार ने ऑनलाइन तबादला नीति को पारदर्शी व्यवस्था के रूप में लागू किया था, लेकिन रेशनलाइजेशन के नाम पर कई जिलों में बड़ी संख्या में पद समाप्त कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान नीति को आदर्श बताना उचित नहीं है और एमपीएचडब्ल्यू वर्ग को इससे बाहर रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारी ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। मलेरिया, डेंगू सहित वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम, सर्वेक्षण, टीकाकरण, जन-जागरूकता और विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। बड़े पैमाने पर तबादले होने से कर्मचारियों को नए क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों और लोगों को समझने में समय लगेगा। इससे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की गति प्रभावित होने की आशंका है। पदाधिकारियों ने कहा कि एमपीएचडब्ल्यू वर्ग में बड़ी संख्या में महिला कर्मचारी भी कार्यरत हैं। उन्हें प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों में स्थानांतरित किए जाने से आवास और सुरक्षा संबंधी समस्याओं के साथ परिवार एवं बच्चों से दूरी की स्थिति पैदा होगी। इससे कर्मचारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है और स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन पर भी असर पड़ सकता है। एसोसिएशन ने सरकार से प्रदेश के सभी रिक्त पदों को नियमित भर्ती के माध्यम से भरने तथा कर्मचारियों को राहत देने के लिए ऑफलाइन तबादलों का विकल्प खोलने की मांग की। कर्मचारियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाए रखने के लिए एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारियों की स्थानीय स्तर पर उपलब्धता जरूरी है।

विरोध प्रदर्शन के दौरान ये रहे उपस्थित

प्रदर्शन के दौरान सर्व कर्मचारी संघ के प्रधान कौशल कुमार, जिला उपप्रधान विजय जोरासी, मुकेश यादव, रणसिंह मालड़ा, पूर्व जिला सचिव ऋषिराज आर्य, पूर्व जिला सचिव राजकुमार, स्वास्थ्य निरीक्षक धर्मेंद्र यादव, स्वास्थ्य निरीक्षक गुलाब सिंह, नारनौल ब्लॉक प्रधान मनोज कुमार, राजीव, दिनेश, सतीश खैरवाल सहित विभिन्न ब्लॉक प्रधान, सचिव और जिला कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में बुचौली के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुचौली के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रदर्शनी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रीन एनर्जी, गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य-स्वच्छता, पारंपरिक कृषि, ग्रामीण विकास और आपदा प्रबंधन जैसे सात विषयों पर मॉडल प्रदर्शित किए गए। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और समस्या-समाधान की क्षमता को बढ़ावा देना था। ग्रीन एनर्जी एवं पर्यावरण संरक्षण में कीर्तिका प्रथम, ग्रामीण विकास में ईशु ने प्रथम स्थान, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सफाई में दीक्षा ने प्रथम स्थान व आपदा प्रबंधन में अंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य धर्मवीर ने विजेता विद्यार्थियों को नकद राशि एवं उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विज्ञान अध्यापक कर्मवीर के कुशल मार्गदर्शन और समर्पण को दिया और उन्हें भी सम्मानित किया। इस अवसर पर पूनम देवी, अनीता, बबीता रानी, सुजाता, पालाराम, राकेश, मनोज कुमार, जितेंद्र कुमार, दीपक, नरेश कुमार सहित समस्त स्टाफ ने विजेता विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।



महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए।

एसडीएम ने आढ़तियों के साथ की बैठक

सतनाली मंडी। एसडीएम योगेश सैनी ने कहा कि सभी आढ़ती बाजरे की फ़सल को खुले में ना रखें और बारिश से बचाने के लिए फसल को तिरपाल से ढककर रखें। इसके अलावा बाजरा खरीद के बाद उसके उठान की प्रक्रिया में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। एसडीएम योगेश सैनी ने शुक्रवार को अनाज मंडी में आढ़तियो के साथ बाजरे की खरीद की समीक्षा कर रहे थे। एसडीएम ने कहा कि बाजरा की सरकारी खरीद के दौरान मंडी तथा खरीद केंद्र पर बोगस खरीद नहीं होने दी जाएगी। अगर कोई भी आढ़ती कहीं कोई गलत तरीका अपनाता है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई जाएगी। मंडियों में किसानों की सहूलियत के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं की गई है। जिला प्रशासन सभी मंडियों तथा खरीद केंद्र पर कड़ी नजर रखे हुए है। एसडीएम ने कहा कि पारदर्शी तरीके से बाजरे की खरीद के लिए राज्य सरकार ने सबसे बेहतर व्यवस्था की है।

न्यूज डायरी

चिंडालिया व मोहनपुर में करीब 3 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

नारनौल। विधायक ओमप्रकाश यादव ने शुक्रवार को अपने धन्यवादी दौरे के दौरान विधानसभा क्षेत्र के गांव चिंडालिया और मोहनपुर में लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। विधायक ओम प्रकाश यादव ने गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर उनके समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक ओम प्रकाश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का एकमात्र संकल्प ग्रामीण अंचल में रहने वाले प्रत्येक नागरिक तक विकास की रोशनी पहुंचाना और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। सरकार का प्रयास है कि गांवों में भी शहरों की तर्ज पर विकास कार्य हों, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सके।



बोरवेल की मोटर जली, श्यामपुरा में पानी को 3 दिन से तरसे ग्रामीण

मंडी अटेली। क्षेत्र के गांव श्यामपुरा में पिछले तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव की 50 से 55 घरों वाली बस्ती में पेयजल आपूर्ति के लिए जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से केवल एक बोरवेल की व्यवस्था की गई है। इसकी मोटर जल जाने से पूरी बस्ती में पानी का संकट पैदा हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार मोटर खराब होने की सूचना जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दे दी गई थी, लेकिन तीन दिन बीतने के बाद भी मोटर ठीक नहीं कराई गई है। इससे ग्रामीणों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। गांव में पेयजल की आपूर्ति बंद होने का असर लोगों के दैनिक जीवन पर पड़ रहा है। पानी उपलब्ध नहीं होने से नहाने, खाना बनाने को पानी पिलाने जैसे जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की व्यवस्था करने में काफी समय लग रहा है। इसका असर बच्चों की पढ़ाई पर भी पड़ा है।



21 वर्षों की सामाजिक सेवा के लिए रमेश राव पायलट का होगा अभिनंदन

महेंद्रगढ़। क्षेत्र में 21 वर्षों से सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों के माध्यम से सेवा और संघर्ष में योगदान देने वाले रमेश राव पायलट के सम्मान में 18 अक्टूबर को अभिनंदन समारोह आयोजित होगा। महेंद्रगढ़ के सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों की ओर से यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे यादव धर्मशाला में होगा। आयोजकों के अनुसार, रमेश राव पायलट को उनकी 21 वर्षों की सेवा एवं संघर्ष के लिए अमेरिकी विश्वविद्यालय की ओर से मानद डॉक्टरेट उपाधि प्रदान किए जाने पर यह समारोह रखा गया है। कार्यक्रम में क्षेत्र के सामाजिक, धार्मिक और अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों तथा गणमान्य लोगों के शामिल होने की अपेक्षा है। समारोह आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में पहुंचकर रमेश राव पायलट का अभिनंदन करने और आयोजन की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।

भाजपा सरकार ने किया नहरों का कायाकल्प



नारनौल। साल 2014 में हरियाणा में भाजपा सरकार बनने के तुरंत बाद सरकार की प्रबल राजनीतिक इच्छा शक्ति ने दक्षिणी हरियाणा के महेंद्रगढ़, भिवानी और रेवाड़ी जिलों में विशेष रूप से पानी की कमी को देखते हुए इस पर काम करना प्रारंभ किया। वर्ष 2015 में सबसे पहले लिफ्ट सिंचाई प्रणाली के जीर्णोद्धार के लिए 143 करोड़ रुपये की विशेष योजना को मंजूरी दी तथा इसमें सुधार करने और पूरी क्षमता के साथ चलाने के बाद अतिरिक्त पानी लाने की योजना बनायी। इसी साल विधायकों की एक अध्ययन समिति ने अपनी रिपोर्ट में सरकार के समक्ष दक्षिणी हरियाणा के लिए नहरी जल सुधार की एक विस्तृत योजना प्रस्तुत की। उक्त समिति के संयोजक नांगल चौधरी के तत्कालीन विधायक डॉक्टर अभय सिंह यादव ने रिपोर्ट तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष पेश करते हुए मूल रूप से हथिनी कुंड से नारनौल तक नहर की क्षमता बढ़ाकर बरसात के फालतू पानी को यहां की नदियों की सूखी तलहटी, जोहड़ों, तालाबों में भरने का सुझाव मुख्य रूप से दिया था।

डाक विभाग की ओर से राष्ट्रीय स्तर की 'ढाई आखर' पत्र लेखन स्पर्धा



नारनौल। भारतीय डाक विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए राष्ट्रीय स्तर की 'ढाई आखर' पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। भिवानी डाक मंडल के डाक अधीक्षक राजेश मान के मार्गदर्शन में नारनौल उपमंडल व जिलेभर के विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में इस विशेष अभियान को जोर-शोर से चलाया जा रहा है। पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर हिम्मत सिंह ने विस्तृत विवरण साझा करते हुए बताया कि इस वर्ष पत्र लेखन का मुख्य विषय एक चिट्ठी धरती मां के नाम: प्रकृति की रक्षा, मेरा वादा रखा गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। पत्र चीफ पोस्टमास्टर जनरल, हरियाणा परिमंडल, अंबाला-133001 को संबोधित करते हुए लिखा जाना है। प्रतिभागी अपना पत्र हिंदी, अंग्रेजी या स्थानीय भाषा में लिख सकते हैं। प्रतियोगिता को दो मुख्य आयु वर्गों तथा दो पत्र माध्यमों में विभाजित किया गया है। 18 वर्ष तक की आयु और 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग।

बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष तृप्ति हरिपाल श्योरान ने प्रदेश के सभी बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे बच्चों की निजता, गरिमा और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्त्वपूर्ण वैधानिक एडवाइजरी जारी की है। आयोग द्वारा यह परामर्श सीपीसीआर अधिनियम, 2005 की धारा 13(1)(ए) के तहत जारी किया गया है। आयोग ने अपने विभिन्न दौरों के दौरान पाया था कि कई संस्थानों में सीसीटीवी सिस्टम को व्यक्तिगत मोबाइल फोन और लैपटॉप से जोड़ा गया है, जिससे लाइव फुटेज कहीं से भी देखी, डाउनलोड और वायरल की जा सकती है, जो कि बच्चों की सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा साबित हो सकता है।

इसी विषय की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए आयोग ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। नए निर्देशों के अनुसार, सीसीटीवी सिस्टम, उसकी फुटेज और पासवर्ड पर केवल संस्थान के प्रभारी का ही नियंत्रण रहेगा तथा पहुंच केवल अधिकृत कर्मचारियों को ही दी जाएगी। साझा पासवर्ड से सिस्टम चलाना पूरी तरह मना है। इसके साथ ही सीसीटीवी को निजी मोबाइल या लैपटॉप से जोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और रिमोट एक्सेस बाय-डिफॉल्ट बंद रखा जाएगा। कोई भी व्यक्ति सीसीटीवी मॉनिटर की फोटो, स्क्रीन रिकॉर्डिंग, फुटेज को डाउनलोड, कॉपी या व्हाट्सएप, सोशल मीडिया तथा ईमेल से प्रसारित नहीं कर सकेगा।

आज से दो दिन कुश्ती टीम का चयन

नारनौल। हरियाणा राज्य कुमार, केसरी दंगल और सीनियर वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन इस बार पलवल में 22 से 24 अक्टूबर तक किया जाएगा। वहीं अंडर-17 और अंडर-20 आयु वर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता खेल विश्वविद्यालय हरियाणा, राई (सोनीपत) में 29 अक्टूबर से 1 नवंबर तक होगी। इन दोनों आयोजनों में हिस्सा लेने के लिए जिला महेंद्रगढ़ की कुश्ती टीम का चयन 17 और 18 अक्टूबर को नारनौल शहर के नेताजी सुभाष स्टेडियम में किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरुण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295154800, 8295738500, 9253681005

मार्केटिंग बोर्ड के मुख्य प्रशासक ने टीम फील्ड में उतारी

कनीना अनाज मंडी में बाजरा खरीद में धांधली की बू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

कनीना की नई अनाज मंडी चेलावास में बाजरे की खरीद में बरती जा रही धांधली का इनपुट मिलने के बाद मार्केटिंग बोर्ड के मुख्य प्रशासक की ओर से भले ही टीम का गठन कर फील्ड में उतार दिया है लेकिन वह टीम मंडी में पहुंचकर एंटी तथा आउट गेट पास की जांच को नजर अंदाज कर महज खानापूर्ति करती दिखाई दी। कनीना अनाज मंडी में पहुंची इस तीन सदस्यीय टीम में जींद जिले के डीएमईओ श्रीभगवान मुदगिल, लेखाकार सुरेंद्र पूनिया तथा मंडी सुपरवाइजर जयभगवान शामिल थे। जो शुक्रवार को कनीना मंडी में पहुंचे थे। जहां उन्होंने बाजरे की आवक को लेकर रिकॉर्ड की जांच की। बाजरे की खरीद अधिक एवं स्टॉक कम पाये जाने की संभावना मिली वहीं गेट पास को लेकर अनियमितताएं सामने आई। भनक लगने पर मंडी पहुंचे मीडिया कर्मियों ने टीम इंचार्ज डीएमईओ श्रीभगवान से मंडी में बाजरे की खरीद को लेकर जानकारी लेनी चाही तो वे उनके सवालों से बचते नजर आए। ई-खरीद पोर्टल और मार्केट कमेटी के एच-रजिस्टर ऑक्शन रिकॉर्ड में भी अंतर पाए जाने की संभावना है। मंडी में बिना बाजरा लाए फर्जी तरीके से प्रति क्विंटल के हिसाब से वसूली कर गेट पास जारी किए जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।



कनीना। अनाज मंडी के बाहर बाजरे से लदे वाहनों की कतार

क्या कहते हैं सचिव



मार्केट कमेटी के सचिव अजीत सिंह ने एच रजिस्टर के माध्यम से बताया कि शुक्रवार सायं तक कुल 5683 गेट पास के माध्यम से 149951 क्विंटल बाजरे की आवक हो चुकी है। 2300 से 2325 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्राइवेट खरीद की जा रही है। मंडी में बिजली, पानी तथा साफ-सफाई की व्यवस्था की गई है।

क्या कहते हैं चेयरमैन

मार्केट कमेटी के चेयरमैन जेपी यादव कोटिया ने बताया कि बाजरे की खरीद को सुचारू करने तथा किसानों की कतार को कम करने के लिए खराब हुए धर्मकांटे को शीघ्र ही ठीक कराया जाएगा।

मुख्य प्रशासक बोले

हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड, पंचकूला के मुख्य प्रशासक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मंडी में बाजरा खरीद की जांच कराई जा रही है, जिसमें कमियां पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। जांच में लापरवाही बरती गई तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।